हम हैं श्याम के प्यारे

जब जब हार के श्याम को,
कोई बुलाएगा,
तब तब लीले चढ़ के,
सांवरा आएगा,
बस विश्वास ये रखके,
श्याम है मेरा,
तेरा वो बन जाएगा,
हम हैं श्याम के प्यारे,
बाबा श्याम हमारे,
हम हैं श्याम के प्यारे,
बाबा श्याम हमारे।।

दिल में तेरे तू इनको बसा,
चढ़ जाएगा फिर ऐसा नशा.....-2
भूलेगा सब ये तेरी खता,
मिल जाएगा फिर हर रास्ता,
जीवन का लेने लेगा मजा,
हम हैं श्याम के प्यारे,
बाबा श्याम हमारे।।

दुनियां को भज वो लेगी मजा,
इनको तू भज ये देगा मजा.....-2
कोई ना ले चाहे तेरी ख़बर,
संग ये चलेगा तेरी हर डगर,
गाने लगेगा तू ये फिर सदा,
हम हैं श्याम के प्यारे,
बाबा श्याम हमारे।।

कहता है ये सबको सदा,
करता है क्यों तू चिंता भला.....-2
भरोसा तो कर अरे मैं हूँ ना,
सब मुझपे छोड़ तुझे छोड़ूँ ना,
करना है तुझको अहम फैसला,
हम हैं श्याम के प्यारे,
बाबा श्याम हमारे।।

जब जब हार के श्याम को,
कोई बुलाएगा,
तब तब लीले चढ़ के,
सांवरा आएगा,
बस विश्वास ये रखके,
श्याम है मेरा,

तेरा वो बन जाएगा,
हम हैं श्याम के प्यारे,
बाबा श्याम हमारे,
हम हैं श्याम के प्यारे,
बाबा श्याम हमारे।।

स्वर : संजय मित्तल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24252/title/hum-hai-shyam-ke-pyare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |